कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-07.11.2022

थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा चोरी की 01 अदद बाइक, आभूषणों व 1000/- रुपये नगद के साथ 02 नफ़र वांछित अभियुक्त 1-दीपक उर्फ दीपू यादव 2-करन सरोज गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 219/2022 धारा 379,411 भादवि व मु0अ0सं0 220/22 धारा 454,380,411 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 1.दीपक उर्फ दीपू यादव पुत्र श्याम जी यादव निवासी अमरपुर मढ़िया(शैलपुत्री मन्दिर के बगल में) थाना जैतपुरा वाराणसी 2.करन सरोज पुत्र काशी नाथ सरोज निवासी ढेलवरिया चौकाघाट थाना जैतपुरा वाराणसी को चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल, आभूषणों व 1000/- रु नगद के साथ दिनांक-06.11.2022 को समय 20.40 बजे रेलवे क्रासिंग नक्खीघाट के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

1-दिनांक-05.11.2022 को वादी श्री सोहैल पुत्र अजिज अहमद नि0 जे 18/21 सालारपुरा बडी बाजार ने दिनांक 04.11.22 को शादी समारोह मे संजय नगर कालोनी से वादी की मोटर साइकिल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लेने सम्बन्ध में लिखित तहरीर दिया, जिसके आधार पर थाना जैतपुरा मे मु0अ0सं0 219/22 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया।

2-दिनांक-05.11.2022 को वादी श्री अनिल कुमार पुत्र स्व0 पुदई राम निवासी आवास संख्या TL-26/J रेलवे कालोनी थाना जैतपुरा ने दिनांक 15.10.22 को अज्ञात चोरो द्वारा उनके कमरे के पीछे की खिडकी की जाली व सरिया काट कर मकान के अन्दर घुसकर अलमारी से दो सोने की अंगुठी,सोन का झाला,सोने की कील,सोने का लाकेट,सोने की तबीज,चाँदी का दो पायल,दो विछुआ,दो चुल्ला,15000/- रू नगद व अन्य सामान चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना जैतपुरा मे मु0अ0सं0 220/22 धारा 454,380 भादवि पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.दीपक उर्फ दीपू यादव पुत्र श्याम जी यादव निवासी अमरपुर मढ़िया (शैलपुत्री मन्दिर के बगल में) थाना जैतपुरा वाराणसी उम्र लगभग 32 वर्ष।

2.करन सरोज पुत्र काशी नाथ सरोज निवासी ढेलवरिया चौकाघाट थाना जैतपुरा वाराणसी उम्र लगभग 24 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1-एक अदद मोटर साइकिल प्लेटिना बजाज U.P.65 AP 5551,चेचिस नं. MD2DDDZZZPWG60224 (संबंधित मु.अ.सं. 219/2022 धारा 379 IPC)

2-दो अदद सफेद धातु की पायल, एक अदद पीली धातु की अंगूठी, एक अदद सफेद धातु का बिछुआ तथा एक हजार रुपया नगद बरामद (संबंधित मु.अ.सं. 454 धारा 22/220,380 IPC)

विवरण पूछताछ- अभियुक्तगणों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग चोरी की मोटर साइकिल व चोरी के कुछ समान बेचने के फिराक मे जा रहे थे तभी आप लोगो द्वारा पकड़ लिए गए । यह मोटर साइकिल आज से दो दिन पहले इण्डियन गार्डन संजय नगर कालोनी से चोरी कर लिये थे तथा 15-20 दिन पहले सिटी रेलवे स्टेशन के सरकारी कमरे से दिन में ही एक व्यक्ति के घर कि खिड़की तोड़कर हमने कुछ सोने चांदी के गहने व नगद चुराये थे, बाकी समान व गहनो को हम लोगो ने बेचकर पैसे हमने खाने पीने में खर्च कर दिये है और चोरी मे मिले समानो को नदी में फेक दिया है ।

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त करन सरोज पुत्र काशी नाथ सरोज नि0 ढेलवरिया चौकाघाट थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी

1.मु0अ0सं0 18/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी ।
2.मु0अ0सं0 48/20 धारा 380,427,457,511 भादवि थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी ।
3.मु0अ0सं0 120/21 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी ।
4.मु0अ0सं0 283/18 धारा 381,411 भादवि थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ.नि. ब्रजेश सिंह चौकी प्रभारी चौकाघाट थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
2.उ.नि. अखिलेश राय थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
3.का. सूरज कुमार थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
4.का. विनय यादव थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
5.का. अभिषेक प्रजापति थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी ।
6.का. भूपेन्द्र कुमार थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी

PLATINA